वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर

पत्रांकः पू0वि0वि0 / डी0एस0डब्लू / 633 / 2021–22

दिनांक : 18.10.2021
शीर्ष प्राथमिकता

आवश्यक सूचना

दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति सत्र 2021–22 में आवेदन करने वाले समस्त छात्र / छात्राओं को सूचित किया जाता है कि जिन छात्र / छात्राओं द्वारा छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति आवेदन फार्म का नवीनीकरण (रिन्यूअल) किया जाना है और पाठ्यक्रमों का परीक्षाफल अभी घोषित नहीं हुआ है उनको सूचित किया जाता है कि शासन द्वारा निर्धारित तिथि 21 अक्टूबर, 2021, तक छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति आवेदन फार्म **Result Yet Not Declared Option** को चुन कर नवीनीकरण कर दें। अन्यथा की स्थिति में छात्र, छात्रवृत्ति आवेदन फार्म न भर पाने पर स्वयं जिम्मेदार होंगे।

2–नये प्रवेशित छात्र / छात्राओं को सूचित किया जाता है कि वे शासन द्वारा निर्धारित तिथि 21 अक्टूबर, 2021 तक छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति आवेदन फार्म भरकर अपने विभाग में समस्त संलग्नकों के साथ जमा कर दें।

शीर्ष प्राथमिकता 3–समस्त विभागाध्यक्ष से यह निवेदन है कि पूर्व की भाँति ही, विभाग में प्राप्त छात्र / छात्राओं के **Final Submit** आवेदन पत्रों की मूल प्रति समस्त वांछित संलग्नकों सहित यथास्थान प्रमाणित कर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में अतिशीघ्र प्राप्त करा दें जिससे आवेदन फार्मो को स्कालरशिप पोर्टल पर आनलाइन अग्रसारित किया जा सके।

18/10/'21

(प्रो0 अजय द्विवेदी)
अधिष्ठाता छात्र कल्याण

प्रतिलिपिः–1–समस्त विभागाध्यक्ष / संकायाध्यक्ष, विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पाठ्यक्रम को इस आशय के साथ प्रेषित कि अपने संकाय के समस्त छात्र / छात्राओं को सूचित करने का कष्ट करें।
2–निजी सचिव कुलपति, कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
3–वरिष्ठ आशुलिपिक कुलसचिव, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
4–वेब प्रभारी को इस आशय के साथ प्रेषित कि सूचना को वेब–साइट पर अविलम्ब अपलोड करने का कष्ट करें।
5–अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय के सूचना पट्ट पर चस्पा करने हेतु।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण